2 फरीदाबाद सरकार की लापरवाही से लोगों को करना पड़ा बाढ़ का सामना: भूपेंद्र हुड्डा

6 अभिमत विधि व्यवस्था को एआई की चुनौतियां

9 देश-विदेश राहुल की अर्जी पर एससी ने पूर्णेश मोदी, गुजरात को जारी किया नोटिस

11 फीचर वन संरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर लोगों मन में आक्रोश

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, शनिवार, 22 जुलाई, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच में फोकस भारतीय शीर्षक्रम पर

पेज - 12

# अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र शुभम बीसला बना विश्व चैंपियन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के निशानेबाज शुभम बीसला ने भारत का नेतृत्व करते हुए चंगवो कोरिया में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में रजत पदक तथा इंडिविजुअल में गोल्ड मेडल जीत कर सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 जुलाई से 25 जुलाई तक हुआ। इसमें लगभग 45 देशों की टीमों ने भाग लिया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता छात्र शुभम बीसला को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूल व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा कि शुभम आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। प्राचार्य ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया और कहा शुभम की इस उपलब्धि के लिए उनके कोच राकेश और दीपक को भी इसका श्रेय जाता है। साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. जगबीर सिंह, खेलकूद के संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कमरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. गीता गुप्ता को बधाई दी।